रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:68 बुधवार,12 नवम्बर



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं

## ब्रीफ न्यूज

### आज से 28 तक रक्तदान के लिए विशेष अभियान

संवादाता

रांची: इस वर्ष झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य सरकार ने इस स्थापना दिवस को भव्य और आकर्षक और यादगार बनाने का निर्णय लिया है। इसी के मद्देनजर रक्त दान जैसे कार्य भी आयोजित होंगे। इस दौरान पूरे राज्य में 12 नवंबर से 28 नवंबर तक रक्तदान शिविर कैंपेन चलाया जाएगा जिसके तहत सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर एक विशेष कैम्प लगा कर लोगों को स्वैच्छिक रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ 12 नवम्बर को प्रोजेक्ट भवन में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प के आयोजन के साथ किया जाएगा। 12 नवंबर से 28 नवंबर तक रक्तदान शिविर अभियान का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को दूर कर जरूरतमंदों तक सुरक्षित पहुंचाना है। और आगे भी हमे इसे निरंतर जारी रखना है।

### हाथियों ने दो ग्रामीणों को पटक कर मार डाला, मचा कोहराम

संवादाता

गिरिडीह जिले के गोमिया प्रखंड में सोमवार की रात दो ग्रामीणों को पटककर मार डाला। बताया जाता है कि जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया गांव में रात करीब 8 बजे जंगल से हाथियों का झुंड गांव में घुस गया। उस समय गांव की एक दुकान के पास कुछ ग्रामीण बातचीत कर रहे थे। तभी हाथी वहां पहुंच गए, जिससे सभी भागने लगे। हाथियों ने भाग रहे लोगों पर हमला कर दिया, जिसकी चपेट में चरकु महतो (40) और प्रकाश महतो (38) आ गए। हाथियों ने इन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए ढोल-नगाड़े बजाने लगे, तो कुछ मशाल जलाकर हाथियों को वापस जंगल की ओर खदेड़ा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा। मृतकों के परिवार में एकएक पुत्र और पुत्री हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मृतकों के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने और गांव में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनादोबारा ना हो।


### भारत पर आयात शुल्क किए जाएंगे कम : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने माना कि भारत के खिलाफ लगाए गए आयात शुल्क काफी अधिक हैं और कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता होने वाला है और इसी के साथ भारत पर लगाये गये आयात शुल्क में कटौती की जाएगी। ट्रंप ने यहां ओवल हाउस में भारत में नियुक्त अमेरिका के नए राजदूत सर्जियों गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यह घोषणा की।उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वर्तमान समय में भारत के रूस से तेल खरीदने के कारण उसपर लगाए गए शुल्क काफी ज्यादा है। ट्रंप ने कहा,

# दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा : राजनाथ

## देश की प्रमुख एजेंसियां कर रही गहन जांचए जल्द ही नतीजे सार्व जनि क किए जाएंगे


एजंसी



नई दिल्ली:रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली विस्फोट के बाद देश को दृढ़ता से आश्वस्त किया कि इस दुखद घटना के जिम्मेदारों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए नागरिकों को आश्वस्त किया कि देश की प्रमुख जांच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं। जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को नई दिल्ली में मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान ;एमपी.आईडीएसएद्ध की ओर से आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। इस संवाद का विषय प्रक्षा क्षमता विकास के लिए नए युग की प्रौद्योगिकी का उपयोगष्था। उन्होंने भारत को उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी निर्माता के रूप में स्थापित करने के लिए न केवल नए नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दियाए बल्कि ऐसी प्रणालियां और पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का आह्वान कियाए जो आत्मनिर्भर बना सकें। राजनाथ सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ;एआईद्धए मशीन लर्निंगए क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वार्म टेक जैसी क्रांतिकारी तकनीकों को आत्मसात करने और उनके अनुकूल ढलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उन्नति की असली परीक्षा इस बात में निहित है कि उपकरण कैसे काम करते हैं।

## दिल्ली विस्फोट मामले की एनआईए करेगी जांच

एजंसी



नई दिल्ली:दिल्ली में लाल किला के पास सोमवार शाम हुए कार विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी ;एनआईएद्ध को सौंप दी है। सूत्रों के अनुसारए यह निर्णय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। बैठक में केंद्रीय गृह सचिवए खुफिया ब्यूरो ;आईबीद्ध के निदेशकए दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक मौजूद थेए जबकि जम्मू .कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में भाग लिया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में जांच की प्रारंभिक प्रगति और धमाके के संभावित आतंकी कोण पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद मामले को एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया ताकि इसकी गहन और व्यापकजांच की जा सके। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंगोला से गृहमंत्रीअमित शाह से फोन पर बात की और दिल्ली विस्फोट के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम लाल किला के पास खड़ी एक कार में हुए भीषण विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थीए।

## राज्य स्थापना दिवस: रन फॉर झारखंड के साथ रजत जयंती समारोह का हुआ आगाज

# संघर्ष, गौरव और विकास का प्रतीक है 25 वां साल : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर की शुरुआत, ऊर्जा-उत्साह और एकता का दिया संदेश

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उत्सव का भी हुआ प्रारंभ, कल्पना भी हुईं शामिल

संवादाता



रांची:मंगलवार को राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने कार्यक्रम में भाग लिया। झारखंड रजत जयंती वर्ष के समारोहों की औपचारिक शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रन की शुरूआत की और ऊर्जा, उत्साह और एकता का संदेश दिया। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वरिष्ठ अधिकारी, खिलाड़ी व अन्य लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को झारखंड स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड का यह 25वां वर्ष संघर्ष, गौरव और विकास का प्रतीक है। उन्होंने सभी महान विभूतियों को नमन किया जिनके संघर्ष और बलिदान से यह राज्य अस्तित्व में आया। रजत जयंती के साथ ही हम सभी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रन फॉर झारखंड कार्यक्रम राज्य के प्रति अपनत्व और एकता की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। रजत जयंती कार्यक्रमों के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उत्सव।

#### स्थानीय लोक संस्कृति की दिखी झलक

कार्यक्रम के दौरान झारखंड की विविध संस्कृति, परंपरा और समृद्धि की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं। पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत और झारखंडी वाद्य यंत्रों की मधुर धुन ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। राज्य के कला, संस्कृति और लोकजीवन से जुड़े विभिन्न समूहों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और एकता के संदेश को उजागर किया।

## घाटशिला सीट पर उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, 73.88 फीसदी मतदान हुआ रिकॉर्ड



संवाददाता

घाटशिला : झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार शाम पांच तक कुल 73.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। फाइनल आंकड़े में इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। मतदान को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान की निगरानी भारत निर्वाचन आयोग, सीईओ कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और आरओ कार्यालय से वेबकास्टिंग के जरिए की गई। सुबह नौ बजे तक 17.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, जो दिनभर के बढ़ते उत्साह के साथ 73.88 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह उपचुनाव पूर्व विधायक रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण कराया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोमेश चंद्र सोरेन, भाजपा के बाबूलाल सोरेन सहित कुल 13 उम्मीदवारों कीकिस्मत इवीएम में कैद हो गई है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक दिन में दो बार की हाई लेवल मीटिंग

# दिल्ली ब्लास्ट केस में डॉ. उमर का दोस्त सज्जाद पुलवामा से अरेस्ट

एजंसी



नई दिल्ली:मंगलवार को पुलिस ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया, जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था। पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरीदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पदार्फाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। मंगलवार को उसके दोस्त डॉ सज्जाद को गिरफ्तार कर लिया गया। इस विस्फोट में अब मरनेवालों की संख्या 12 हो गई है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। दो मृतकों की पहचान हुई है। अन्य की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी अशोक कुमार (34) और दिल्ली निवासी अमर कटारिया (35) के रूप में हुई है। 20 घायलों में से 12 दिल्ली के निवासी हैं तथाआठ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के निवासी हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिएभी डीएनए नमूना लिया है। उधर, गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दो बार हुई हाई लेवल समीक्षा बैठक के बाद यह मामला जांच के लिए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी।

## घाटशिला विस उपचुनाव : वोट के लिए नोट बांटने वाला युवक धालभूमगढ़ में गिरफ्तार

संवाददाता



घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में वोट के बदले नोट का मामला सामने आया है। इस विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को मतदान हुआ। जबकि, इलाके में 10 नवंबर को रात भर पैसे बांटे गए हैं। ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। धालभूमगढ़ इलाके में भी खूब पैसा बंटा है। पुलिस ने दीबा मिडिल स्कूल के पास बूथ नंबर 129 के नजदीक दसमत टुडू नामक युवक को वोटरों के बीच पैसा बांटते पकड़ा है। गिरफ्तार किया गया युवक धालभूमगढ़ के जूनबनी गांव का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने 30 हजार 500 रुपये बरामद किए हैं। इसमें पुलिस को 500 रुपये के कुल 61 नोट मिले हैं। आरोपी युवक स्प्लेंडर बाइक से रुपये बांटने आया था। पुलिस ने इस बाइक को भी बरामद कर लिया है। पुलिस को सोमवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि बूथ नंबर 129 के पास एक युवक रुपये बांट रहा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को रात नौ बज कर पांच मिनट पर दबोच लिया। पुलिस को लोगों ने बताया कि युवक शाम साढे छह बजे से रुपये बांट रहा था। पुलिस ने धालभूमगढथाने में आरोपी दसमत टुडू के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। यह केस थाना प्रभारी धीरज कुमार मिश्रा के आवेदन पर दर्ज हुआ है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी युवक को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक से पूछताछ की गई है।

## इवेंट

### राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर 15 नवंबर तक होगा कई कार्यक्रमों का आयोजन

# विभिन्न जिलों में हजारों युवाओं ने 'रन फॉर झारखंड' में लगाई दौड़

संवाददाता



रांची : झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत मंगलवार को हजारीबाग में रन फॉर झारखंड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, वृद्ध, दिव्यांगजन और आम नागरिक उपस्थित थे। यह रैली जिला परिवहन कार्यालय से प्रारंभ होकर उत्साहपूर्ण माहौल में झंडा चौक पर संपन्न हुई। मार्ग में प्रतिभागियों ने जोहार झारखंड हमारा गौरव, हमारा राज्य जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक बैंड, ड्रम, ढोल-नगाड़ों और लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने आयोजन को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। रन फॉर झारखंड दौड़ में अव्वल आए प्रतिभागियों को उपायुक्त ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। झारखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को आयोजित होनेवाली विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को खूंटी जिला प्रशासन की ओर से रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी से तिरला तक संपन्न हुआ। इसमें उपायुक्त ने भी दौड़ लगाई। कार्यक्रम में प्रशासन के पदाधिकारी एवं कर्मी, खिलाड़ी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि 'रन फॉर झारखंड' जैसे कार्यक्रम का आयोजन राज्य की युवा ऊर्जा और खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम हैं। यह राज्य की एकता, ऊर्जा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दशार्ता है। झारखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ हम सभी के लिए ऐतिहासिक है, झारखंड की 25 वर्षों की उपलब्धियां हम सभी के लिए गर्व की बात हैं, और हमें साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाना है। झोंगो पाहन को किया सम्मानित : कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने खूंटी जिला के अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज झोंगो पाहन को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया।

## बढ़ती ही जा रहीं चौबे की मुश्किलें, छह महीने से जेल में हैं बंद

# हजारीबाग लैंड स्कैम से जुड़े मामले में IAS विनय को एसीबी ने किया अरेस्ट

संवादााता



- चर्चित शराब और हजारीबाग में खासमहल जमीन घोटाला मामले में बनाए गए हैं आरोपी
- एक केस में दाखिल कर दी गई है चार्जशीट
- अब चौबे के कार्यकाल में हुए वन भूमि घोटाले में भी बनायागया अभियुक्त

पिछले छह महीने से ज्यादा समय से जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय चौबे की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। एसीबी ने उन्हें हजारीबाग लैंड स्कैम से जुड़े मामले में गिरफ्तार (रिमांड) कर लिया है। सोमवार को एजेंसी ने कांड संख्या 11/2025 में उनकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। जिसे मंगलवार को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी उक्त केस में कर ली गई। विनय चौबे इससे पहले चर्चित शराब घोटाला और हजारीबाग में खासमहल (सेवायत) जमीन घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए हैं और उनपर एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने एक केस में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। अब हजारीबाग में उनके कार्यकाल में हुए वन भूमि घोटाला में भी अभियुक्त बनाया है। हजारीबाग एसीबी की विशेष अदालत में मंगलवार को विनय चौबे की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। एसीबी ने इस मामले की प्राथमिक जांच (प्रीलिमिनरी इंक्वायरी) पहले ही कर ली थी। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी उक्त केस में कर ली गई। विनय चौबे इससे पहले चर्चित शराब घोटाला और हजारीबाग में खासमहल (सेवायत) जमीन घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए हैं और उनपर एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने एक केस में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 107वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

रांची, संवाददाता ।




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा दिनांक 11 नवंबर 2025 को जे.के.सेलिब्रेशन, अल्कापुरी, राँची में 107वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य, ग्राहकगण तथा परिवार के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अबुबकर सिद्दीकी पी, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव- पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग, झारखंड सरकार ; श्री मुकेश कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव- योजना एवं विकास, झारखंड सरकार; श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह- क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, श्री मनोज रंजन, बैंकिंग लोकपाल झारखंड, श्री प्रदीप हजारे विशेष सलाहकार ,कृषि विभाग , झारखंड सरकार , श्रीमती ( डॉ) जाया चौहान , प्राचार्य, डीपीएस सेल सिटी एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख श्री आलोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बैंक के माननीय प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय श्री आशीष कुमार पाण्डेय ने उक्त समारोह को मुंबई से ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को 107वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें एवं अपना संदेश दिया।

इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय द्वारा तीन नए उत्पाद (प्रोडक्ट) लॉन्च किए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण द्वारा यूनियन बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें एवं 107 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास एवं उपलब्धियों को वहाँ उपस्थित गणमान्य अतिथि एवं स्टाफ सदस्य गण के साथ साझा किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख श्री आलोक कुमार ने सभी स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, ग्राहकगणों, परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी तथा बैंक के विकास यात्रा क्रम एवं आंकड़े प्रस्तुत करते हुये सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री नीरज कुमार कंधवे, उप-क्षेत्र प्रमुख द्वारा किया गया।

# झारखंड स्थापना दिवस: रजत जयंती वर्ष का गवाह बनेगा ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

रांची, संवाददाता ।

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर 16 नवंबर तक राजधानी रांची में कई भव्य आयोजन किए जा रहे हैं. स्थापना दिवस का मुख्य समारोह रांची के ऐतिहासिक में मोरहाबादी मैदान में होना है. ऐसे में मोरहाबादी मैदान को सजाया संवारा जा रहा है. मोरहाबादी मैदान में एक भव्य मंच का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि से लेकर विशिष्ट अतिथियों के बैठने की जगह होगी. इसी मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडवासियों को कई सौगात भी देंगे. पूरे मोरहाबादी मैदान को चारों तरफ से घेर दिया गया है. मेटल डिटेक्टर लगाकर सुरक्षा को और पुख्ता किया जा रहा है. आने वाले मेहमानों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है. रेस्ट रूम सहित बड़े-बड़े डाइनिंग हॉल भी बनाए जा रहे हैं.

**11 नवंबर से कार्यक्रम की शुरूआत**



झारखंड स्थापना दिवस को लेकर 11 नवंबर से ही राजधानी रांची में कई तरह के कार्यक्रमों की शुरूआत हो चुकी है. 11 नवंबर से लेकर 16 नवंबर तक लगातार 6 दिनों तक कई तरह के भव्य कार्यक्रमों का लुत्फ रांची वासी उठा पाएंगे. जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 12 नवंबर को राजधानी के प्रमुख मार्गों पर पारंपरिक नृत्य से लेकर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी. यह कार्यक्रम 'सुबह-ए-झारखंड' की थीम पर आधारित होगा. 13 नवंबर को झारखंड के समृद्ध पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'नो योर टूरिस्ट प्लेस' साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा. 14 नवंबर को रांची नगर निगम के द्वारा चिह्नित स्थानों पर स्थापना दिवस की थीम पर वॉल पेंटिंग अभियान चलाया जाएगा. वहीं 15 नवंबर यानी स्थापना दिवस के दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर श्रद्धांजलि दी जाएगी. इस दिन खूंटी तक साइकिल रैली निकाली जाएगी. स्थापना दिवस का मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा. जिसमें सांस्कृतिक और सरकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. 16 नवंबर को समारोह का समापन यात्रा कार्यक्रम से होगा, जो सुबह 11:00 से जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से शुरू होकर करमटोली चौक होते हुए मोरहाबादी मैदान तक पहुंचेगी. इस दौरान झारखंड की लोक परंपरा वेशभूषा और नृत्य संगीत का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा.

**तीन आईपीएस, आधा दर्जन डीएसपी संभालेंगे मोर्चा**

15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह की सुरक्षा में एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है. वहीं सुरक्षा व्यवस्था की मॉनेटरिंग के लिए रांची में तीन आईपीएस, आधा दर्जन डीएसपी, सहित कई अधिकारियों की तैनाती की गई है. झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया जा रहा है. वैसे तो मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में दोपहर बाद होना है, लेकिन सुरक्षा को लेकर सुबह 6 बजे से ही जवान मुस्तैद रहेंगे.

### सीसीटीवी से निगरानी और मेटल स्कैनर से भी होगी जांच

सुरक्षा में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी. साथ ही सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी. समारोह स्थल में जाने वाले हर वाहनों को चेकिंग के बाद ही स्थल तक जाने दिया जाएगा. समारोह स्थल के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है. साथ ही दो ड्रोन कैमरा का भी इस्तेमाल किया जाएगा. ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा से पूरे समारोह की निगरानी की जाएगी. इसके लिए कंट्रोल रूम में आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस अधिकारी की तैनाती की जा रही है. उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे पल-पल की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को देंगे. कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वालों की मेटल डिटेक्टर से जांच होगी. प्रवेश मार्ग के लिए मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं. इसके अलावा मेटल स्कैनर से भी जांच की जाएगी. पूरी तलाशी के बाद ही लोगों को कार्यक्रम स्थल तक प्रवेश करने दिया जाएगा.

# रांची जिले के सभी अंचलों में जनता दरबार में कई लोगों की समस्याएं मौके पर हल

रांची, संवाददाता ।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर रांची जिले के सभी अंचलों में जनता दरबार लगाया गया. इसका मकसद था कि लोगों की शिकायतें और आवेदन जल्दी और ईमानदारी से सुने जाएं, ताकि उन्हें दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें. जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. अधिकारियों ने कई मामलों का समाधान वहीं मौके पर कर दिया. इससे लोगों ने राहत की सांस ली और कहा कि इस पहल से आम जनता को बहुत फायदा हो रहा है. अधिकतर शिकायतें जमीन, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण पत्र और नामांतरण से जुड़ी थीं. कई लोगों को वहीं तुरंत राहत दी गई.उपायुक्त श्री भजन्त्री ने कहा कि जनता दरबार आम लोगों से सीधे जुड़ने का एक अच्छा तरीका है. इससे प्रशासन को लोगों की परेशानियाँ समझने और उनका समाधान करने में आसानी होती है.



### अलग-अलग अंचलों में हुआ यह काम

- बेड़ो: दाखिल-खारिज, सीमांकन और प्रमाण पत्र से जुड़े 144 आवेदन निपटाए गए.
- अनगड़ा: 102 मामलों का समाधान हुआ, जिनमें जमीन और प्रमाण पत्र से जुड़े मामले शामिल थे.
- अरगोड़ा: 156 आवेदन निपटाए गए, जिनमें 20 पेंशन के आवेदन भी थे.
- नगड़ी: 94 आवेदन का निपटारा हुआ.
- ईटकी: 33 आवेदन हल किए गए.
- खलारी: 18 आवेदन निपटाए गए.
- चान्हो: 97 आवेदन का समाधान हुआ.
- सिल्ली: 57 आवेदन निपटाए गए.
- रातू: 41 आवेदन का निपटारा हुआ.
- सोनाहातु: जाति सुधार और प्रमाण पत्र जारी किए गए.

# पश्चिम बंगाल के कंटेनर से 61 लाख की अवैध शराब जब्त, रजिस्ट्रेशन नंबर निकला फर्जी !

रांची, संवाददाता ।

जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. जमशेदपुर से रांची की ओर आ रहे कंटेनर की जांच के दौरान 61 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त हुई है. इस कंटेनर में 1868 पेटियां थी जिनमें 16 हजार 544 शराब की बोतलें मिली हैं. प्रिंट के आधार पर इस पूरी खेप की कीमत करीब 61 लाख रु आंकी गई है. इस घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू हो गई है. पुलिस के द्वारा प्रेस रिलीज जारी करके इस कार्रवाई की जानकारी साझा की गयी है. रांची के एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है. इस आधार पर नामकुम थाना की पुलिस टीम का गठन किया गया. 9 नवंबर की देर रात जमशेदपुर से रांची आ रहे कंटेनर को पुलिस ने रांची-टाटा रोड पर सरजामडीह गांव के पास जब रोका तो चालक गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकला.



लिहाजा, तत्काल पुलिस टीम ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया. कंटेनर को नामकुम थाना लाया गया लेकिन जांच के दौरान कंटेनर का पिछला गेट सील पाया गया. इस वजह से टीम को गेट खोलने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, रांची से अनुमति लेनी पड़ी. जब पुलिस टीम ने ताला तोड़ा तो उसमें से शराब का जखीरा बरामद हुआ. खास बात है कि कंटेनर का रजिस्ट्रेशन नंबर WB23D-5344 था, जो जांच फर्जी पाया गया. रांची के ग्रामीण एसपी के निर्देश पर नामकुम थाना के पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. इसमें पुलिस अवर निरीक्षक शशि रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक जयदीप कुमार सराक, पुलिस अवर निरीक्षक मिथुन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के अलावा एएसआई तारकेश्वर प्रसाद केसरी, एएसआई प्रभुवन कुमार, एएसआई जयप्रकाश कुमार, एएसआई उज्जवल कुमार सिंह, चालक वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ नामकुम थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल को शामिल किया गया.

# हटिया में नगर निगम का बुलडोजर चला, अवैध कब्जों पर कार्रवाई

**रांची।** हटिया इलाके में आज मंगलवार को नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई नीफ्ट के आसपास के क्षेत्रों में की गई.जहां-जहां सड़कों और फुटपाथों पर अवैध कब्जे थे, वहां नगर निगम की टीम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया. कई अस्थायी ढांचे और दुकानों को भी तोड़ा गया. नगर निगम की टीम ने कई गुमटियां, दुकानें और अन्य सामान भी जब्त किए. अधिकारियों ने बताया कि इन कब्जों की वजह से सड़क पर रोज जाम लगता था और लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती थी.कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया. नगर निगम ने कहा कि अगर अगली बार दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क या फुटपाथ पर कब्जा न करें और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें.

# झारखंड में लुढ़का न्यूनतम पारा, गुमला में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड !

रांची, संवाददाता ।

झारखंड में सर्दी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है. गुमला का न्यूनतम पारा 8.5 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है. कुछ और जिलें हैं जहां पिछले 24 घंटे के भीतर न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है. मौसम केंद्र रांची के मुताबिक झारखंड के निचले ट्रोपोस्फेरिक लेवल पर उत्तर-पश्चिम से उत्तर की ओर हवाएं चल रहीं हैं. इसकी वजह से कई इलाकों के न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी देखी जा रही है.

मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटें में लोहरदगा में 8.6 डिग्री सेल्सियस, खूंटी में 9.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा है. इसके अलावा डालटनगंज में 10.1, लातेहार में 10.2 हजारीबाग में 10.5, पश्चिमी सिंहभूम में 11.4, बोकारो में 11.6 और रांची में 11.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है. पिछले 24 घंटों में डालटनगंज और बोकारो के न्यूनतम पारा में करीब 6 डिग्री सेल्सियस की कमी आ गई है. इसकी वजह से ज्यादातर जिलों में कनकनी महसूस की जा रही है. मौसम केंद्र रांची के मुताबिक 12 नवंबर से 17 नवंबर के बीच सुबह में कोहरा और धुंध के बाद मौसम के साफ और शुष्क रहने की संभावना है. मौसम केंद्र रांची का अनुमान है कि 12 नवंबर और 13 नवंबर को झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों के साथ साथ उत्तरी छत्तीसगढ़ से लगे इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना है. लिहाजा, पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है. मौसम केंद्र के मुताबिक 12 नवंबर से 15 नवंबर के बीच कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, पलामू और रामगढ़ में न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

# झारखंड स्थापना दिवस पर रांची होगी रंगों से रौशन, नगर निगम ने संभाली सजावट की कमान

रांची, संवाददाता ।

झारखंड के 25वें स्थापना दिवस को लेकर राजधानी रांची में इस बार भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राज्य स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ-साथ रांची नगर निगम को भी विशेष जिम्मेदारी दी गई है. निगम की ओर से न केवल शहर की सफाई और सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है, बल्कि सांस्कृतिक आयोजनों को भी गरिमा प्रदान की जा रही है.

**11 नवंबर से कार्यक्रमों की शुरूआत**

स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रमों की औपचारिक शुरूआत 11 नवंबर से हुई. सबसे पहले राजधानी रांची में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया. इस आयोजन का उद्देश्य राज्य की एकता, ऊर्जा और युवा शक्ति को प्रदर्शित करना है. नगर निगम ने स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए शहर के मुख्य मार्गों की सफाई, मार्ग चिह्नों के नवीनीकरण और सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया. दौड़ के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया.



**वॉल पेंटिंग से झलकेगा झारखंड का गौरव**

स्थापना दिवस के मुख्य आकर्षणों में से एक वॉल पेंटिंग कार्यक्रम होगा, जो 14 नवंबर को आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में राजधानी के तीन प्रमुख स्थानों, अल्पसंख्यक भवन के पास, बिरसा चौक और मोरहाबादी मैदान परिसर की दीवारों को सोहराय, खोवर और अन्य पारंपरिक लोक कलाओं से सजाया जाएगा. इन वॉल पेंटिंग्स की थीम होगी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड की सांस्कृतिक पहचान. इस अवसर पर राज्य के जाने-माने कलाकार अपनी रचनाओं के माध्यम से झारखंड की परंपरा, संस्कृति और जनभावनाओं को जीवंत करेंगे. नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू ने बताया कि रांची की दीवारें झारखंड की आत्मा को दर्शाएंगी. हमारी कोशिश है कि स्थापना दिवस पर शहर पूरी तरह स्वच्छ, सजीव और सांस्कृतिक रंगों में डूबा नजर आए.

# श्री श्याम मंदिर में 178वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

रांची, संवाददाता ।

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 178 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढानढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। कुमुद प्रियंका ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । कुमुद ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया मंत्री पंकज गाड़ोदिया मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया राजेश ढानढनिया स्नेह पोद्दार रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

रांची के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल, सिविल सर्जन ने कहा-

# लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

रांची, संवाददाता ।

सरकार और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री अक्सर यह कहते नहीं थकते कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं. रांची जिले के ही ग्रामीण इलाकों में खोले गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का जायजा लेने गई तो नजारा दूसरा ही था.

**प्रसव के लिए कोई डॉक्टर या नर्स भी नहीं**

ओरमांझी प्रखंड के सदमा और पास के कुल्ही गांव में ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण इलाज और सुरक्षित प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खोले गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद मिले. यहां न सीएचओ मिले और न ही नर्सें या अन्य कोई स्टाफ. मिले तो दीवारों पर आकर्षक प्रचार सरीखा लिखे ये शब्द कि यहां 247 प्रसव सेवा उपलब्ध है. सवाल यह है कि बिना डॉक्टर, बिना सीएचओ और बिना नर्स के जरूरत के समय यहां प्रसव कौन कराएगा?

**उद्घाटन के बाद से यहां इलाज नहीं हुआ है**

सदमा गांव के बंद पड़े आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बाहर हमें सकलदीप मुंडा नाम के ग्रामीण मिल गए. उन्होंने जो बताया वह हैरान करने वाला है. उन्होंने बताया कि सप्ताह में एकाध दिन लोग आते हैं और कागजी खानापूर्ति कर चले जाते हैं. उन्होंने कहा कि जबसे इसका उद्घाटन हुआ है उसके बाद से यहां इलाज नहीं हुआ है. कुल्ही गांव के आयुष्मान आरोग्य सेंटर पहुंचीं तो वह भी बंद मिला. यहां भी पास के एक युवक ने बताया कि कभी-कभी यह सेंटर खुलता है लेकिन प्रसव कभी नहीं हुआ है. जब हमारी टीम रिपोर्टिंग के लिए पहुंची उस समय दो सहिया भी आरोग्य मंदिर पहुंचीं थीं पर उन्होंने चुप रहना ही अच्छा समझा.




**रांची में 350 के करीब आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी के प्रभारी को दिया जाएगा जिम्मा**

पूरे मामले को लेकर रांची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि रांची में 350 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चल रहे हैं. ऐसे में जिला स्तर से सभी की मॉनिटरिंग करना मुश्किल नहीं है. उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी को यह जिम्मा दिया जाएगा कि वह अपने-अपने क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के काम और उनकी गतिविधियों का जायजा लें और रिपोर्ट तैयार करें. उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसी भी स्थिति में आयुष्मान आरोग्य मंदिर को हर दिन खुलना चाहिए अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो यह गलत है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी.

# झारखंड की धरोहर 'सोहराय कला' को सहेज रही सुगिया देवी

रांची, संवाददाता ।

झारखंड की धरती अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं के लिए जानी जाती है. इन्हीं परंपराओं में एक है सोहराय पेंटिंग, जो मिट्टी की दीवारों पर जीवन, प्रकृति और त्योहारों का अद्भुत चित्रण करती है. यह कला झारखंड के आदिवासी समुदायों की पहचान है और इसे जीवित रखने में हजारीबाग की सुगिया देवी का योगदान अविस्मरणीय है. वे न केवल एक कलाकार हैं बल्कि इस पारंपरिक कला की सशक्त संवाहक भी हैं.

**सदियों पुरानी विरासत**

सोहराय कला की जड़ें हजारों साल पुरानी हैं. पुरातात्विक साक्ष्य बताते हैं कि इसकी उत्पत्ति लगभग 7000 ईसा पूर्व की गुफा चित्रों से जुड़ी है. यह कला झारखंड के आदिवासी समुदायों खासकर कुर्मी, संथाल, मुंडा और उरांव जनजाति की महिलाओं द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाई गई है. मिट्टी की दीवारों पर प्राकृतिक रंगों से बने चित्रों में खेती-बाड़ी, पशुपालन, लोकजीवन और प्रकृति के रंग झलकते हैं. सोहराय केवल एक कला नहीं बल्कि जीवन के उत्सव की अभिव्यक्ति है. फसल कटाई के बाद जब धरती हरी-भरी होती है, तब महिलाएं अपने घरों की दीवारों को मिट्टी, गोबर और खनिज रंगों से सजाकर देवी-देवताओं और पशुओं की आकृतियां बनाती हैं.




**सुगिया देवी: परंपरा की सजीव प्रतिमूर्ति**

हजारीबाग के खरांटी गांव की रहने वाली सुगिया देवी इस पारंपरिक कला को नई पहचान देने वाली प्रमुख कलाकारों में शामिल हैं. बचपन से ही उन्होंने यह कला अपनी मां से सीखी. आज सुगिया देवी न केवल खुद पेंटिंग करती हैं बल्कि सैकड़ों महिलाओं को भी इस पारंपरिक कला का प्रशिक्षण दे चुकी हैं. उन्होंने बताया कि कई विदेशी शोधकर्ता और कलाकार उनके घर आकर सोहराय और खोवर पेंटिंग की बारीकियों पर रिसर्च करते हैं. उनके मार्गदर्शन में कई महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है.

**आदिवासी कला को मिली राष्ट्रीय पहचान**

सुगिया देवी के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है. Maati Ghar जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर उनकी कलाकृतियां प्रदर्शित की जा चुकी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कला के संरक्षण और प्रसार में उनके योगदान को सराहते हुए उन्हें पत्र भेजा था. यह सम्मान न केवल सुगिया देवी का गौरव है बल्कि झारखंड की समृद्ध परंपरा का भी प्रतीक है. उनकी कला मिट्टी की दीवारों से निकलकर अब साड़ियों, कपड़ों और सजावटी वस्तुओं पर भी जगह बना चुकी है.

### झारखंड स्थापना दिवस पर रांची में रंगों की बयार

इन दिनों झारखंड स्थापना दिवस की तैयारियों के बीच राजधानी रांची को सजाया-संवारा जा रहा है. इसी अवसर पर सुगिया देवी भी अपनी टीम के साथ रांची में सोहराय पेंटिंग बना रही हैं. दीवारों पर उभरते रंगों में झारखंड की आत्मा झलकती है. वे कहती हैं यह सिर्फ कला नहीं, हमारी पहचान है. जब लोग हमारी पेंटिंग देखकर झारखंड का नाम याद करते हैं, तो लगता है मेहनत सार्थक हुई. सोहराय कला आज भी ग्रामीण झारखंड में जीवित है लेकिन आधुनिकता की तेज रफ्तार के बीच यह परंपरा खतरे में है. ऐसे में सुगिया देवी जैसी कलाकार इस विरासत की रक्षा में नई पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास कर रही है. उन्होंने न केवल महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि आदिवासी संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाया है.



# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जी एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्रों व नवचयनित शिक्षकों का अभिनंदन

# मौलाना आजाद सच्चे देशभक्त, समाज सुधारक और राष्ट्र निमार्ता थे: प्रोफेसर नसीम







संवाददाता ।रांची

पीठोरिया/ रांचीः मौलाना जौहर अली हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन (मजाहेफ), ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन (आईटा) व अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड के संयुक्त तत्वावधान पिठौरिया के मदनपुर ओखरगढ़ा स्थित जी एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मंगलवार को देश के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की याद में शिक्षा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर नसीम अहमद ने अपने संबोधन में कहा मौलाना आजाद न सिर्फ एक सच्चे देशभक्त बल्कि समाज सुधारक और राष्ट्र निमार्ता भी थे। उन्होंने हमेशा ही देशहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखा। वह हिन्दू मुस्लिम एकता के सबसे बड़े समर्थक थे। इस से पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के छात्र द्वारा पवित्र कुरआन के पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर सुखी उरांव ने कहा कि आज भी मौलाना आजाद के आदर्शों पर चल कर हम जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर खालिक अहमद ने कहा कि मौलाना आजाद की जीवनी का अध्ययन सभी युवा पीढ़ी को करने की आवश्यकता है, मौलाना आजाद एक निडर पत्रकार भी थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश हुकूमत कांपने लगी थी, जो नई पीढ़ी पत्रकारिता के मैदान में अपना कैरियर बनाना चाहती है उनके लिए भी मौलाना के जीवन में एक आदर्श नमूना मौजूद है। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जी एम मॉडर्न स्कूल में आजाद सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस दौरान छात्रों के बीच भाषण, निबंध लेखन, चित्रांकन और क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। आज के समारोह में सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल और कॉपी कलम देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सहायक आचार्य के लिए चयनित 5 पांच भावी शिक्षकों रोकैया रहमान, राबिया बसरी, अदनान नवाज व आफताब आलम को भी संस्थान की ओर से शॉल ओढ़ा कर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत शिक्षक साजिद आलम, मोहम्मद कलीमुद्दीन, एडवोकेट मिन्हाज अंसारी, स्कूल के प्राचार्य नकीब अहमद, इंशा हसन, हनी हसन, शाहीन परवीन, इस्माईल अंसारी, रुही परवीन, अतिया परवीन के अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# कॉन्टिनेंटल टायर्स ने रांची, झारखण्ड में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया है

## रांची में नए कॉन्टी इलीट ड्राइव स्टोर का उद्घाटन किया गया

संवाददाता ।रांची



रांचीः प्रमुख प्रीमियम टायर निमार्ता कॉन्टिनेंटल टायर्स ने रांची, झारखण्ड में अपनी नई कॉन्टिनेंटल इलीट ड्राइव (सेड) डीलरशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि सौरभ भाटिया,सेल्स हेड,गौरव पटोआ,क्षेत्रीय मैनेजर ने फीता काटकर,दीप प्रजावलित और केक काटकर शुभारंभ किया.यह नया आउटलेट कुंदन टायर्स द्वारा संचालित है जो उत्तर भारत में कॉन्टिनेंटल की उपस्थिति को अधिक सुदृढ़ता प्रदान करता है। साथ ही यह पूरे देश में प्रीमियम टायर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की प्राथमिकता को दशार्ता है। यह नव उ?द्घाटित स्टोर 2,000 वर्ग फुट के क्षेत्रफल में निर्मित है, जो सिद्धू कान्हू पार्क के सामने, मोराबादी रोड रांची पर स्थित है। इसे एक ऐसे सुविधा केंद्र के रूप में तैयार किया गया है जहाँ ग्राहकों को कॉन्टिनेंटल के सभी प्रीमियम टायर और आधुनिक सुविधाएँ जैसे कंप्यूटर द्वारा व्हील का एलाइनमेंट, सटीक व्हील बैलेंसिंग, नाइट्रोजन गैस भरने की सुविधा और प्रीमियम अलॉय व्हील एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

एक व्यावसायिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहे रांची में वाहनों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है, जो इसे कॉन्टिनेंटल की विस्तार योजनाओं के लिए एक आदर्श बाजार बनाता है। इस नए सेड स्टोर में ग्राहक कॉन्टिनेंटल के उच्च गुणवत्ता वाले टायरों और कुंदन टायर्स की विशेषज्ञता दोनों का अनुभव एक ऐसी डीलरशिप के जरिए कर सकते हैं जो पिछले तीन दशकों से भरोसेमंद सेवाएँ उपलब्ध करा रही है ।रांची में इस नए सेड स्टोर के साथ, हम कॉन्टिनेंटल के माध्यम से झारखण्ड के ग्राहकों तक सुरक्षा, नई तकनीक और आरामदायक ड्राइविंग के अनुभव को सहज रूप से पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने कहा है कि ₹भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकासशील बाजार है। 'इन द मार्केट, फॉर द मार्केट' के सिद्धांत के तहत हम लगातार अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं और देशभर में. ग्राहकों से अपने रिश्ते को मजबूत बना रहे हैं ।₹कुंदन टायर्स 1995 से ही रांची की ऑटोमोबाइल यात्रा का हिस्सा रहा है। कॉन्टिनेंटल के साथ हमारी साझेदारी हमें अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ रांची के ग्राहकों तक पहुँचाने में मदद करती है। कुंदन टायर्स के मालिक आशीष कुंदन ने कहा कि ₹सेड का यह आउटलेट न केवल प्रीमियम उत्पाद उपलब्ध कराएगा, बल्कि ग्राहकों को सेवा का वही बेहतरीन अनुभव भी प्रदान करेगा जिसकी उम्मीद वे पिछले कई दशकों से हमसे करते आए हैं ।कॉन्टिनेंटल फिलहाल पूरे भारत में अपने बढ़ते हुए सेड स्टोर्स के नेटवर्क का संचालन कर रही है, जहाँ हर एक आउटलेट को सर्वश्रेष्ठ टायर समाधान और भरोसेमंद सेवाओं के साथ ग्राहकों को शानदार रिटेल का अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। कॉन्टिनेंटल की मौजूदगी को मजबूत बनाने के अपने इस सफर में रांची का यह स्टोर, उभरते ऑटोमोबाइल केंद्र में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। इस मौके पर आशीष कुंदन,मोनिका गुप्ता, गोपाल शाह, रमन यादव, अर्पित श्रीवास्तव, समेत कई लोग मौजूद थे.

# घाटशिला में भाजपा का दावा हताशा का परिणाम, जनता ने विकास और विश्वास पर किया मतदान : विनोद पांडेय

संवाददाता ।रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत का दावा दरअसल उनकी हताशा और निराशा का बयान है। घाटशिला की जनता ने झूठे वादों, सांप्रदायिक राजनीति और भ्रम फैलाने वालों को नकारते हुए विकास, जनविश्वास और हेमंत सरकार की नीतियों पर मोहर लगाई है।

विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को अब यह स्वीकार करना चाहिए कि झारखंड में लोगों ने 25 साल के अनुभव से सीखा है–विकास की राजनीति झामुमो करती है, भ्रम की राजनीति भाजपा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने घाटशिला और आसपास के इलाकों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और आदिवासी युवाओं के रोजगार पर ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन्हीं कार्यों के आधार पर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं। भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया और कार्यकताओं पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए पांडेय ने कहा कि ह्लभाजपा को अब हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की आदत हो गई है। घाटशिला में मतदान शांतिपूर्ण हुआ, जनता ने निर्भीक होकर वोट दिया।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को अब झारखंड के लोगों के फैसले का इंतजार करना चाहिए, क्योंकि जनादेश झूठे आरोपों से नहीं, जनता के भरोसे से बनता है। घाटशिला में जनता ने झामुमो पर भरोसा जताया है, और परिणाम भाजपा के दावे को मुँहतोड़ जवाब देंगे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 107वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन




संवाददाता ।रांची

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा दिनांक 11 नवंबर 2025 को ह्लजे.के.सेलिब्रेशनह्व, अल्कापुरी, राँची में 107वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य, ग्राहकगण तथा परिवार के सदस्य शामिल हुए । कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अबुबकर सिद्दीकी पी, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव- पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग, झारखंड सरकार ; श्री मुकेश कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव- योजना एवं विकास, झारखंड सरकार; श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह- क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, श्री मनोज रंजन , बैंकिंग लोकपाल झारखंड, श्री प्रदीप हजारे विशेष सलाहकार ,कृषि विभाग , झारखंड सरकार , श्रीमती ( डॉ ) जाया चौहान , प्राचार्य , डीपीएस सेल सिटी एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख श्री आलोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।इस अवसर पर बैंक के माननीय प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय श्री आशीष कुमार पाण्डेय ने उक्त समारोह को मुंबई से ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को 107वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें एवं अपना संदेश दिया । इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय द्वारा तीन नए उत्पाद (प्रोडक्ट) लॉन्च किए गए । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण द्वारा यूनियन बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें एवं 107 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास एवं उपलब्धियों को वहाँ उपस्थित गणमान्य अतिथि एवं स्टाफ सदस्य गण के साथ साझा किया ।इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख श्री आलोक कुमार ने सभी स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, ग्राहकगणों, परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

## प्रशासन के कहने पर वैश्य मोर्चा का राजभवन मार्च स्थगित

# प्रमुख पदाधिकारी बैठेंगे धरना पर 20 नवंबर को बनेगी अगली रणनीति

संवाददाता ।रांची



झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने जानकारी देते हुए कहा है कि वैश्य मोर्चा के बैनर तले 13 नवंबर को राजभवन तक पैदल मार्च, उसके बाद राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन तय किया गया था. इसके लिए अनुमंडलाधिकारी (रांची) से अनुमति भी ले ली गई थी. इस आलोक में पूरे प्रदेश में तैयारी भी की जा रही थी. गांव कस्बों में पर्चा का वितरण भी किया जा रहा था. लेकिन कल से प्रशासन के लोगों ने अपना रूख बदल दिया. तब संयोजक मंडल के सदस्य हीरानाथ साहु, उपेन्द्र प्रसाद और अशोक गुप्ता अनुमंडल ऑफिस जा कर स्थिति को जानने का प्रयास किया. वहां पर कहा गया कि आप लोग नागा बाबा खटाल पर केवल धरना कर सकते हैं. फिर मुझे अनुमंडल ऑफिस से फोन आया और कहा गया कि अलग राज्य स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर 11 नवंबर से ही मोरहाबादी मैदान में घेराबन्दी कर दिया जायेगा. इसलिए आप लोगों का जुलूस निकालने का कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है. फिर शाम को लालपुर के थाना प्रभारी ने फोन करके बताया कि आप लोगों के जुलूस का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है. केंद्रीय अध्यक्ष साहु ने कहा कि इन सारी बातों और स्थितियों पर हीरानाथ साहु एवं अन्य वरिष्ठ साथियों से विचार- विमर्श करने के बाद तय किया गया है कि इस स्थिति में सूझ-बूझ से ही काम लेना ठीक नहीं रहेगा. चूंकि हमलोग भी झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं और राज्य स्थापना दिवस हमारे लिए भी सम्मान की बात है. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि वैश्य मोर्चा कि ओर से जो संदेश प्रशासन और सरकार को देना था, वह संदेश जबरदस्त तरीके से गया है. साहु ने कहा कि अतः अब निर्णय लिया गया है कि चूंकि नागा बाबा खटाल पर जुटने और धरना-प्रदर्शन करने का परमिशन मिला हुआ है. लेकिन वहां की स्थिति ठीक ठाक नहीं है और चारों तरफ गंदगी भरा हुआ है. टेंट लगाना भी मुश्किल है. अधिक लोगों के जुटने से अस्त-व्यस्त हो जायेगा. इसलिए तय किया गया है कि 13 नवंबर को केवल संयोजक मंडल और तैयारी समिति के सदस्य के साथ-साथ प्रमुख साथी ही 11.30 बजे तक आयेंगे. हम लोग महामहिम राजपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले स्मार-पत्र प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी/पदाधिकारी को सौंप देंगे.

# पत्रकारों का आक्रोश,आलोक रंजन को सामाजिक कार्यक्रमों से लिया बहिष्कार करने का फैसला

सिमरिया : प्रखंड के स्थानीय पत्रकारों ने एकजुट होकर खुद को समाजसेवी बताने वाले आलोक रंजन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। सिमरिया प्रेस क्लब में पत्रकारों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि आलोक रंजन किसी भी राजनीतिक दल या सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होते हैं, तो सिमरिया के पत्रकार उस आयोजन में हिस्सा नहीं लेंगे। यह फैसला आलोक रंजन द्वारा स्थानीय पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति अपमानजनक भाषा को लेकर लिया गया है। आपको बता दें कि सिमरिया सुभाष चौक पर आलोक रंजन ने स्थानीय प्रशासन और पत्रकारों के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है। जिससे पत्रकारों ने आक्रोशित होकर यह कदम उठाया है।।पत्रकारों का कहना है कि आलोक रंजन, जो खुद को समाजसेवी होने का दावा करते हैं, ऐसी भाषा का प्रयोग कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान कर रहे हैं। इस घटना के बाद पत्रकारों ने आपात कालीन बैठक बुलाई और सर्वसम्मति से आलोक रंजन के विरुद्ध कड़े कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि आलोक रंजन जिस कार्यक्रम में शामिल होंगे उस कार्यक्रम का पत्रकारों द्वारा भीकर करते हुए खबर संकलन नहीं करेंगे।

# ठंड में बच्चे और बूढ़ों को न्यूमोनिया से बचाएं, फेफड़े की बीमारी वाले मरीज रहें सतर्क

- विश्व न्यूमोनिया दिवस पर मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, राँची के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. तेजवीर और डॉ. देबदत्ता की सलाह, ठंड के मौसम में रखें विशेष सावधानी

संवाददाता ।रांची





रांची, : विश्व न्यूमोनिया दिवस (12 नवम्बर) के मौके पर मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, राँची के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. तेजवीर और डॉ. देबदत्ता ने ठंड में बच्चे एवं बूढ़ों को न्यूमोनिया से बचाने की सलाह दी और कहा कि फेफड़े की बीमारी से संक्रमित मरीज विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार, व्यायाम और वैक्सीन लेकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। डॉ. तेजवीर ने बताया कि अन्य मौसम की तुलना में ठंड में न्यूमोनिया का प्रकोप ज्यादा होता है। इस मौसम में न्यूमोनिया से ग्रसित व्यक्तियों की मृत्यु दर भी अधिक होती है। मूल रूप से न्यूमोनिया फेफड़े का संक्रमण है अतः यह फेफड़े को प्रभावित करती है। फेफड़े का जो पैरेंकाइमा होता है, उसमें संक्रमण की वजह से सूजन आ जाती है। इसी सूजन को न्यूमोनिया कहा जाता है। इसकी वजह से मरीज को कफ और बुखार आता है और भूख की कमी हो जाती है। कई बार खांसी के साथ बलगम में खून जैसे शिकायत भी देखा गया है।

# ब्रीफ न्यूज

## एकता कमेटी ने मौलाना आजाद को याद किया

### मौलाना आजाद बंटवारे के खिलाफ थे गुलाम मुस्तफा

संवाददाता ।



रांची ।मंगलवार को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और सर्वोच्च नेता हजरत मौलाना अबुल कलाम आजाद रहमतुल्ला अलेह का जयंती समारोह भारतीय एकता कमेटी के तत्वाधान में मनाया गया मौलाना आजाद के चित्र पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा के हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बंटवारे के खिलाफ थे मौलाना आजाद नहीं चाहते थे कि हमारा देश बटवारा हो गुलाम मुस्तफा ने कहा कि अगर हमारा प्यार महान देश भारत बटवारा नहीं होता तो आज सबसे बड़ा देश भारत रहता और दुनिया में सबसे बड़ा सुपर पावर हमारा देश भारत रहता आज पाकिस्तान अलग हो गया बांग्लादेश अलग हो गया जो नहीं होना चाहिए था और मौलाना आजाद रहमतुल्ला ने तालीम शिक्षा पर बहुत जोर दिया था हम सभी को चाहिए के शिक्षण तालिम ज्यादा से ज्यादा हासिल करें तालीम शिक्षा से बड़ा कोई भी दौलत नहीं है कोई भी इसे चुरा नहीं सकता है सभी ने एक स्वर में मौलाना आजाद रहमतुल्ला के बताए रास्ते पर चलने का निर्णय लिया जिससे देश और समाज को भला किया जा सकता है हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे हमारे मौलाना आजाद हम लोग को मिलजुल कर देश को मजबूत बनाना होगा आज के शुभ अवसर पर सचिव रामेश्वर राम निसार बाबा बुलंद अख्तर एलिस कच्छप अहमद रजा और भी कई लोग उपस्थित थे ।

### मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती पर रक्तदान एवं थैलेसीमिया पर उत्कृष्ट कार्य पर लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान को मौलाना आजाद कॉलेज रांची प्रबंधन ने सम्मानित किया।

संवाददाता ।



रांची।आज प्रथम केंद्रीय शिक्षा मंत्री/स्वतंत्रता सेनानी/भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हायर मुस्लिम एजुकेशन सोसाईटी रांची एवं मौलाना आजाद कॉलेज रांची के द्वारा कॉलेज परिसर हॉल में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 26 व्यक्तियों को ₹मौलाना आजाद अवॉर्ड सम्मान₹ से सम्मानित किया गया ।जिसमें लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची के संस्थापक नदीम खान को रक्तदान एवं थैलेसीमिया पर उत्कृष्ट कार्य करने पर मौलाना आजाद अवॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अबूबकर सिद्दीकी (प्रधान सचिव, वन विभाग) एवं सीबीआई के पूर्व जज अशरफ अंसारी के द्वारा सम्मानित किया गया ।कॉलेज के अध्यक्ष हाजी मोख्तार प्राचार्य, सचिव इम्तियाज अली,प्राचार्य परवेज अख़्तर,डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी, प्रोफेसर इलियास मजीदी,डॉ सयैद इकबाल हुसैन,मो रिजवान,तनवीर अहमद,एस.अली, मो इकबाल खान,समेत सैकड़ों लोग शामिल थे ।लहू बोलेगा ने मौलाना आजाद कॉलेज प्रबंधन एवं हायर मुस्लिम एजुकेशन सोसाईटी रांची के लोगों का आभार व्यक्त किया।

### बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ भड़का जनाक्रोश सुकुरहुटू रोड कांके विद्युत सब स्टेशन के बाहर विशाल धरना प्रदर्शन

अप्रत्याशित बिजली बिल माफ करते स्मार्ट मीटर समय रहते नहीं हटाया गया तो होगा उग्र जनांदोलन : हरिनाथ साहू



संवाददाता ।

रांची रांची, 11 नवंबर, कांके/ रांचीः स्मार्ट मीटर और अनियमित बिजली बिल के खिलाफ आज सुकुरहुटू, कदमा कांके स्थित विद्युत सब स्टेशन के सामने हजारों की संख्या में आक्रोशित उपभोक्ताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व समाजसेवी हरिनाथ साहू ने किया ।प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर हटाओ, फिक्स प्राइस मीटर लगाओ और बिजली विभाग होश में आओ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजा दिया ।लोगों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल मनमाने तरीके से बढ़े हैं, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं ।धरने में शामिल कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि विभाग की मनमानी और निजी कंपनियों की मिलीभगत से उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है ।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि स्मार्ट मीटर को तत्काल नहीं हटाया गया और बिल निर्धारण में पारदर्शिता नहीं लाई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा ।समाजसेवी हरिनाथ साहू ने कहा कि यह आंदोलन आम जनता के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा, जनता अब लूट के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी ।सरकार को उपभोक्ताओं की पीड़ा समझनी होगी, वरना अगला कदम उग्र जनांदोलन का होगा ।धरने में बड़ी संख्या में भुक्तभोगी परिवार के महिलाएं, किसान और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, लेकिन लोगों ने यह साफ कर दिया कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक स्मार्ट मीटर व्यवस्था समाप्त नहीं हो जाती। कार्यक्रम को सफल बनाने और आयोजन के रूप में उनिल महतो, प्रशांत बैठा, मनोज महतो, गोविंद महतो, सरोज महतो, शिवचरण महतो, नारायण महतो, मति महतो, अमन कुमार, आर्यन कुमार, बलदेव साहू,अजीजुल अंसारी,सूरज साहू, राजकुमार महतो, संजर खान, प्रमोद प्रसाद गुप्ता,राजेश महतो, अभिषेक कुमार,नेहा ठाकुर, मीना देवी, सीता देवी, सविता देवी एवं विशिष्ट तिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, मुखिया राम लखन मुंडा, पूर्व मुखिया रीना देवी मुंडा, अशोक राम, फुलेश्वर बैठा, सूरज यादव,नीपू सिंह, निरंजन भारती, अनिल राम, प्रेमचंद साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशेष कर कांके क्षेत्र के सुकुरहुटू,गारू, कदमा, गागी, खटंगा, चेड़ी मनातू के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बिजली विभाग के खिलाफ नारा लगाते हुए और हाथों में तख्ती लिए धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

# विधायक सरयू राय ने सड़क की समस्या के समाधान को लेकर टाटा स्टील प्रबंधन से की वार्ता

**जमशेदपुर, संवाददाता**



सोनारी विमानतल विस्तारीकरण से उपजी समस्या एवं जनआक्रोश के संबंध में मंगलवार दोपहर विधायक सरयू राय ने टाटा स्टील लैंड विभाग और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से गहन वार्ता की। इस दौरान उन्होंने उन्हें बताया कि कल वे एयरपोर्ट सोनारी तरफ के हिस्सा और कदमा की तरफ का हिस्सा का भ्रमण कर विस्तारीकरण से उत्पन्न होने वाली स्थिति के बारे में उनसे वार्ता किया। आम लोगों के बीच में यह भ्रम पैदा हो गया है कि सोनारी छोर की ओर एयरपोर्ट के विस्तार से चर्च और चर्च के समीप के मैदान को नुकसान पहंचेगा और सोनारी से सर्किट हाउस होकर बिस्टुपुर जाने वाली जो सीधी सड़क है, वह समाप्त हो जाएगी। इस आशंका को बल इसलिए मिल रहा था कि लोगों को विश्वास में लिए बिना और स्थिति को स्पष्ट किये बिना टाटा स्टील प्रबंधन ने लाल रंग की लकीर खींच कर यह संदेश दे दिया कि चर्च और मैदान विस्तारीकरण की जद में आ सकते हैं। उन्होंने जनभावना से जुड़े यह विषय टाटा स्टील एवं टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन के सामने रखा। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने चेतावनी दी है कि यदि सोनारी छोर की तरफ एयरपोर्ट के रनवे को नहीं बढ़ाया गया तो एयरपोर्ट का लाइसेंस डीजीसीए रद कर देगा और यहां से कोई भी विमान उड़ नहीं सकता है। जिसपर उन्होंने डीजीसीए की चेतावनी से संबंधित दस्तावेजों को देखने के बाद विचार व्यक्त किया कि ऐसा उपाय किया जाए कि डीजीसीए की अपेक्षा के अनुरुप रनवे का विस्तार भी हो जाए और चर्च, चर्च से सटे मैदान को नुकसान भी न पहुंचे तथा सर्किट हाउस और बिस्टुपुर की तरफ जाने वाली सड़क पर यातायात में भी बहुत अधिक व्यवधान न हो। इसके अनुसार टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन ने रनवे विस्तार की रुप-रेखा प्रस्तुत किया। एयरपोर्ट रनवे विस्तार की लंबाई डीजीसीए नियमों के अनुसार कम से कम रखी गई। सोनारी से सर्किट हाउस बिस्टुपुर की तरफ जाने वाली सड़क को काफी हल्का मोड़ (कर्व) दिया गया। चर्च को रनवे विस्तार की सीमा के बाहर रखा गया। वहां स्थित वर्तमान मैदान का एक चौथाई से भी कम हिस्सा तक रनवे का विस्तार होगा। मैदान की जितनी जमीन तक रनवे का विस्तार होगा, उतना क्षेत्रफल की जमीन के साथ बाईं तरफ की खाली जमीन को जोड़कर मैदान का विस्तार कर दिया जाए। यानी मैदान का वर्तमान क्षेत्रफल जितना है, उतना ही क्षेत्रफल रनवे विस्तार होने के बाद भी रहेगा। यह मैदान एक सार्वजनिक मैदान होगा। जिसका उपयोग उपायुक्त और टाटा स्टील प्रबंधन की सहमति से सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यों के लिए किया जा सकेगा और जो रनवे विस्तार के बाद सोनारी से सर्किट हाउस बिस्टुपुर की ओर जाने वाली सड़क पर हल्का मोड़ के साथ सुविधाजनक यातायात का प्रावधान रहेगा। टाटा स्टील व टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन द्वारा रनवे विस्तारीकरण डिजाइन में वार्ता के उपरांत हुए संशोधन से उन्होंने सोनारी के अपने सहयोगियों को अवगत करा दिया। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वहां स्थित क्रिश्चियन कॉलोनी के निवासी प्रदीप कुमार बालमुचू को भी उन्होंने इस वार्ता के निष्कर्ष से अवगत करा दिया। साथ ही टाटा स्टील के अधिकारियों से कहा कि वे इस बारे में अपनी ओर से बालमुचू जी को जानकारी दे दें। ताकि समस्या का पूर्णतः समाधान हो जाए। मुझे उम्मीद है कि टाटा स्टील प्रबंधन से हुई वार्ता के बाद आम जनमानस में उत्पन्न आक्रोश की स्थिति समाप्त हो जाएगी। जनहित के विषय को रनवे विस्तारीकरण कार्यक्रम में महत्व देने तथा धार्मिक स्थान एवं मैदान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाने तथा सोनारी से बिस्टुपुर को जोड़ने वाली सड़क की दिशा में न्यूनतम बदलाव करने पर टाटा स्टील प्रबंधन के अधिकारियों की सहमति से यह समस्या सुलझने की कगार पर पहुंच गई है। उम्मीद है कि एयरपोर्ट के रनवे का डीजीसीए की शर्तों के अनुरुप विस्तार भी हो जाएगा और जनहित को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।

## डुमरिया में झामुमो नेताओं संग विधायक संजीव सरदार ने की चाय पर चर्चा



**जमशेदपुर, संवाददाता**

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के साथ साथ डुमरिया प्रखंड के विभिन्न मुद्दों को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार झामुमो नेताओं और कार्यकताओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कई विषयों पर पार्टी कार्यकताओं के साथ गहन विचार-विमर्श भी किया। साथ ही घाटशिला विधानसभा उपचुनाव, डुमरिया प्रखंड से जुड़े स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र के विकास की आगामी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा भी की गई। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और घर-घर तक पार्टी और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं को पहुंचने और प्रचार प्रसार करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरी है और आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएं लागू की जाएंगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि, युवा मोर्चा के पदाधिकारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर 'रन फॉर झारखंड' के लिए दौड़ा कोडरमा

**राज्य के विकास, एकता और समृद्धि की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे : उपायुक्त ऋतुराज**

**कोडरमा, संवाददाता**



झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन की ओर से 'रन फॉर झारखंड' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ऋतुराज ने महाराणा प्रताप चौक से कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। 'रन फॉर झारखंड' में जिले के अधिकारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। उपायुक्त ऋतुराज के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लिया और एक मजबूत, शांतिपूर्ण व समृद्ध झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ को जनभागीदारी के साथ मनाना तथा झारखंड की निरंतर प्रगति, विकास और एकता का संदेश देना रहा। दौड़ में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने पर शील्ड प्रदान की गई। उपायुक्त ऋतुराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि 'झारखंड की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमें मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि राज्य के विकास, एकता और समृद्धि की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे।

**झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने की शपथ**

हम गौरवान्वित हैं कि हम प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण, सुंदर और समृद्ध झारखण्ड के निवासी हैं। हमें अपने महान और संघर्षशील पूर्वजों से यहाँ की समृद्ध संस्कृति, भाषा और सभ्यता की अमूल्य विरासत प्राप्त हुई है। हमारा युवा झारखण्ड अपने निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर हम यह शपथ लेते हैं कि हम अपने झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करते हुए, राज्य के सतत विकास और प्रगति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। उपस्थिति इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ओम प्रकाश मंडल सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जिले के नागरिक उपस्थित रहे।

# उपायुक्त के निर्देश पर JSLPS द्वारा ट्रांसजेंडर समूह 'किन्नर उत्थान समिति' का गठन

**रामगढ़, संवाददाता**

समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज के निदेर्शानुसार, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक विशेष समूह का गठन किया गया है। समूह का नाम "किन्नर उत्थान समिति" रखा गया है, जिसमें कुल 5 ट्रांसजेंडर सदस्य शामिल हैं। इस समिति के गठन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें आजीविका के साधनों से जोड़ना और समाज में समान अवसर प्रदान करना है।

(JSLPS) के अधिकारियों ने बताया कि "किन्नर उत्थान समिति" के माध्यम से सदस्यों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके तहत समूह के सदस्यों को बैंकिंग, उद्यमिता



विकास, लघु व्यवसाय संचालन तथा आजीविका संवर्धन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से ट्रांसजेंडर समुदाय को आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक स्वीकृति और आत्म-सम्मान भी प्राप्त होगा। इससे उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे समाज की मुख्यधारा में समान रूप से भागीदारी निभा सकेंगे। इस समूह के गठन के माध्यम से जिले में एक सकारात्मक सामाजिक संदेश है कि अब समाज का कोई भी वर्ग विकास से वंचित नहीं रहेगा। यह पहल ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान, गरिमा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। (JSLPS) की टीम ने बताया कि यह संयुक्त पहल ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण एवं सामाजिक समावेश की दिशा में जिले में एक नई शुरूआत मानी जा रही है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से बेघर हुए लोगों के लिए मे आई हेल्प यू फाउंडेशन का मानवीय पहल

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में बेघर हुए लोगों की मदद के लिए सामाजिक संस्था मे आई हेल्प यू फाउंडेशन ने सराहनीय पहल की है। संस्था पिछले चार दिनों से प्रभावित लोगों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था कर रही है। फाउंडेशन के प्रमुख अभिजीत कुमार (बिट्टू) और उनकी टीम – लक्ष्मण, नीतू देवी, रूपा राज, किरण मीना देवी और अनन्या – इस मानवीय कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हैं। संस्था ने 12 मोड़ क्षेत्र में सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया है। मे आई हेल्प यू फाउंडेशन पहले भी शहर में जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण, बीमार और अपंग लोगों के पुनर्वास जैसे सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। मीडिया से बातचीत मंण अभिजीत कुमार ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे आगे आकर संस्था का सहयोग करें ताकि भविष्य में भी ऐसे मानवीय कार्य निरंतर जारी रह सकें।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**रामगढ़, संवाददाता**



प्रखंड के कटिया पंचायत के गेरवाटाड़ में बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने तिलकचंद महतो के घर से पुत्रियां नदी से होते हुए शिव मंदिर कटिया तक जीरो से 1200 मीटर फेज वन पथ का शिलान्यास किया। विधायक के द्वारा कहा गया कि इस सड़क के बनने से दर्जनों गांव के लोगों का आवा जाही काफी सुलभ हो जाएगा। साथ ही स्कूल की गाड़ियों को भी काफी दिक्कत होती थी अब यह दिक्कत नहीं होगी। काफी दिनों से यह सड़क जर्जर अवस्था में थी। इसके बाद इसी सड़क का दूसरा फेज का काम बहुत ही जल्द शुरू होगा जो कटिया से गैस गोदाम होते हुए विवेकानंद चौक पीटीपीएस कॉलेज होते हुए शहीद निर्मल महतो तक पीसीसी पथ बनेगा। इस मौके पर जिला पार्षद सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो, उपमुखिया नंदकिशोर महतो वकील महतो गंगाधर महतो वारिस खान नरेश महतो, तिलकचंद महतो परमानंद महतो, गणेश ठाकुर ,किरण देवी, रीता देवी, धर्मनाथ महतो,पारिजात कुमारी ,ममता कुमारी, रेखा देवी, धनराज महतो, अशोक पाठक, राजू प्रसाद, अजय रवि, कोलेश्वर महतो, रणधीर कपूर, बालकिशुन महतो, मोहित महतो, कैलाश महतो, सिकंदर कुमार जितेंद्र कुमार गणेश महतो कामेश्वर महतो कन्हैया कुमार, गोपाल महतो, अशोक महतो, संजय कुमार, मनीष कुमार, सुनील कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ को किया रवाना



**धनबाद, संवाददाता**

राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर 11 नवंबर 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा की यह जागरूकता रथ धनबाद जिला के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों के गांव - गांव जाकर झारखंड के रजत जयंती तथा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। साथ हीं झारखंड के वीर गाथाओं को भी जन जन तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद समेत अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहें।

# उपायुक्त से मुलाकात कर राजेन्द्र महतो स्मृति भवन में पुस्तकालय खोलने की मांग की

**बोकारो, संवाददाता**



झारखण्ड/वनांचल आन्दोलनकारी स्वर्गीय राजेन्द्र महतो की स्मृति में बोकारो जिले के पारटॉड गाँव में निर्मित राजेन्द्र महतो स्मृति भवन में पुस्तकालय की स्थापना की मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि एवं झारखण्ड कल्याण परिषद् के महासचिव विक्रम महतो ने उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने उपायुक्त को मांग-पत्र सौंपते हुए कहा कि पारटॉड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की सुविधा न होने से विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि राजेन्द्र महतो स्मृति भवन में पुस्तकालय की व्यवस्था की जाती है, तो यह ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। विक्रम महतो ने बताया कि स्व. राजेन्द्र महतो का देहान्त 5 नवम्बर 2020 को हुआ था। उनकी स्मृति में ग्रामवासियों ने भूमि दान कर स्मृति भवन का निर्माण किया है। स्व. महतो का समाज, राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने रामरूद्र हाई स्कूल चास, चास कॉलेज, सिटी कॉलेज, बी.बी. महतो हाई स्कूल कुरा और जी.जी.एस.टी.ई. कॉलेज जैसे संस्थानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके नाम से संचालित राजेन्द्र महतो इंटर कॉलेज, चास आज भी झारखण्ड कल्याण परिषद् के अधीन शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय है। परिषद् के सदस्यों का कहना है कि पुस्तकालय की स्थापना से स्व. महतो की शिक्षा प्रसार की सोच को साकार करने में मदद मिलेगी। विक्रम महतो ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि सरकार की ओर से पुस्तकालय सामग्री, फर्नीचर और आवश्यक पुस्तकों की व्यवस्था कर ग्रामीण बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पहल की जाए।

## श्रुति सोनी सीए में सफलता हासिल करने पर 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने किया सम्मानित



**बोकारो, संवाददाता**

फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी सह व्यवसाई कृष्णा प्रसाद की पुत्री श्रुति सोनी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा में सफलता पाकर बेरमो क्षेत्र का नाम रौशन किया है। 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने अपने सहयोगियों क साथ उनके आवास में पहुंचकर श्रुति सोनी को शॉल ओढ़कर और मिठाई खिला कर सम्मानित किया। वहीं उसका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता पायी है। श्रुति सोनी के पिता कृष्णा प्रसाद व्यवसाई हैं, जबकि माता पुष्पा सोनी एक गृहिणी है। श्रुति सोनी ने 10 वीं भरत सिंह पब्लिक स्कूल 12 वीं की शिक्षा ढोरी डीएवी विद्यालय से में पूरी की। इसके बाद उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से बीकॉम और इग्नू से एम कॉम करते हुए सीए की तैयारी शुरू की। श्रुति सोनी ने बताया कि सीए की कठिन तैयारी के दौरान उन्हें ऑनलाइन के साथ - साथ पढ़ाई का संतुलन भी बनाए रखना पड़ा।

# बीएसएल की महिला अधिकारी शिल्पा टोप्पो ने झारखंड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीते दो स्वर्ण पदक

**दुर्घटना के बाद भी नहीं टूटी हिम्मत, मजबूत इच्छाशक्ति से रचा स्वर्णिम इतिहास**

**बोकारो, संवाददाता**




बोकारो स्टील प्लांट की महिला अधिकारी शिल्पा टोप्पो, सहायक महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकॉम), ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और अथक परिश्रम के बल पर झारखंड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में बेंच प्रेस और पावर लिफ्टिंग दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल बीएसएल का नाम रोशन किया है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश की है। पेशे से इंजीनियर शिल्पा टोप्पो के लिए यह यात्रा आसान नहीं थी। पावर लिफ्टिंग में पूर्व अनुभव न होने के बावजूद उन्होंने महज एक वर्ष के भीतर कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर कई अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। सड़क दुर्घटना में पैर की गंभीर चोट लगने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। परिवार, सहकर्मियों और अपने कोच श्री देबी प्रसाद चटर्जी के मार्गदर्शन में उन्होंने निरंतर अभ्यास जारी रखा और कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत में बदल दिया। शिल्पा ने वर्ष 2023 में पहली बार जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। उसी वर्ष नवंबर में उनका चयन पूर्वी क्षेत्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ, लेकिन चोट के कारण वे भाग नहीं ले सकीं। वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में उन्होंने 84 किलोग्राम वर्ग में दो कांस्य पदक जीते। इसके बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन में और सुधार लाते हुए इस वर्ष झारखंड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बीएसएल प्रबंधन ने शिल्पा टोप्पो की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी है और उनके जज्बे को समर्पण, प्रेरणा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है।

## राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया

**बोकारो, संवाददाता**



झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नावाडीह प्रखंड प्रशासन की ओर से मंगलवार को ह्वरन फॉर झारखंडह्व का आयोजन किया गया। जो ब्लॉक मोड नावाडीह से प्रारंभ हुआ और देवी महतो स्मारक इंटर कॉलेज नावाडीह परिसर में संपन्न हुआ। इस दौड़ में नावाडीह के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय , भूषण प्लस टू उच्च विद्यालय एवं आई टी आई कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम एवं सीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि झारखंड का इतिहास संघर्ष, संस्कृति, परंपरा और विकास की गौरवगाथा से भरा हुआ है रजत जयंती समारोह का उद्देश्य राज्य की इस यात्रा को आम जनता के साथ साझा करना और नयी पीढ़ी में गर्व की भावना जगाना है। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी,सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो, नावाडीह पंसस निर्मल महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सोहेल अख्तर ,प्रखंड साधन सेवी लालचंद महतो, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम हेंब्रम, जयलाल महतो , दीपक कुमार, विक्की कुमार, भागीरथ ठाकुर आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

